मांडलगढ़ और बांसवाड़ा जिले के दौरे पर रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीण समस्या समाधान शिविरों का अवलोकन किया

बांसवाड़ा//मांडलगढ़/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भीलवाड़ा के मांडलगढ़ और बांसवाड़ा जिले के दौरे पर रहे। मांडलगढ़ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन और जनसभा को संबोधित किया। वहीं सीएम ने बांसवाड़ा जिले की तेजपुर ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया और गतिविधियों की जानकारी ली।

मांडलगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में जनकल्याण और विकास की ऐसी मजबूत नींव तैयार की है, जिसका लक्ष्य राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दौरान भीलवाड़ा में 322 करोड़ रुपये से अधिक राशि के 30 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इनमें से 22 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के जीएसएस, स्वास्थ्य केंद्र, लैब, विद्यालय, महाविद्यालय और उप तहसील कार्यालय से जुड़े विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया है। वहीं, 300 करोड़ रुपये से अधिक राशि के विकास कार्यों की नींव रखी गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के चेक एवं दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की। मुख्यमंत्री ने मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 वर्षों में हुए विकास कार्यों की पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल और विधायक श्रीचंद कृपलानी, गोपाल लाल शर्मा, गोपीचन्द मीणा, उदयलाल भडाणा, जब्बर सिंह सांखला, लालाराम बैरवा, अशोक कुमार कोठारी, लादूलाल पितलिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भीलवाड़ा में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने बांसवाड़ा में लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र सौंपे : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बांसवाड़ा जिले की तेजपुर ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया और गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन कर अधिकारियों एवं कार्मिकों के कार्यों को देखा। उन्होंने कार्मिकों से बातचीत कर शिविर में आमजन की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और प्राप्त उपलब्धियों की भी जानकारी ली।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर राज्य सरकार की योजनाओं एवं

- **सीएम ने भीलवाड़ा में 322 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण किया**

कार्यक्रमों का फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तृत बातचीत की। शर्मा ने शिविर में विभिन्न समस्याओं के समाधान से संबंधित प्रमाण पत्र ग्रामीणों को सौंपे।

उन्होंने दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया। उन्होंने शिविर में दस्तावेज शुद्धिकरण से संबंधित प्रमाण पत्र भी सौंपे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में एक लाभार्थी परिवार कोभूमि संबंधी सहमति विभाजन का दस्तावेज सौंपा। सीएम शर्मा ने शिविर में ही नन्हीं बालिका का अन्नप्राशन संस्कार भी करवाया। इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक कैलाश मीणा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पेड़ों को अवैध रूप से कटवाने वाला आरोपी केरल से गिरफ्तार

800 बीघा में फैले पिला मंगरा जंगल के विलायती बबूल के पेड़ों को अवैध रूप से कटवाने का मामला

शाहपुरा, (निसं)। पुलिस थाना शाहपुरा द्वारा 800 बीघा में फैले पिला मंगरा जंगल के विलायती बबूल के पेडों को अवैध रूप से कटवाने वाला मास्टरमाईण्ड ईनामी आरोपी पीर मोहम्मद को केरल राज्य की राजधानी तिरुवनन्तपुरम से गिरफ्तार किया। भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिह भीलवाड़ा के निर्देशानुसार जिले में अवैध रूप से जंगलों में पेड़ों की कटाई करने वाले अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य के निर्देशन में ओमप्रकाश वृत्ताधिकारी के सुपरवीजन में सुरेश चंद्र पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी, शाहपुरा के नेतृत्व मे टीम गठित की गयी।

मामले के अनुसार आबीद खां

- **भीलवाड़ा एसपी ने आरोपी पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था**

कायमखानी पिता अयूब कायमखानी निवासी माण्डल गेट बनेड़ा हाल सहायक वनपाल शाहपुरा ने एक रिपोर्ट पेश कि की 5 नवम्बर को कार्यालय ऑफिस नाका शाहपुरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बोरड़ा बावरियान के घास बीड पीला मगरा में अवैध रूप से विलायती बबूल को जेसीबी द्वारा ठूठ सहित निकालने की सूचना मिलते ही वनपाल नाका प्रभारी शाहपुरा विश्राम मीणा के फोन करने पर मैं ढिकोला नाके से रवाना होकर मौके पर पहुंचा। उसके उपरांत हमारे स्टाफ द्वारा लगभग 15 जेसीबी को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन जबरन स्टाफ से झगड़ा व मारपीट करते हुये जेसीबी को घास बीड़ पीला मगरा से भगाकर ले गये।

मौके पर मुख्य आरोपी पीर मोहम्मद पुत्र अब्दुल पठान निवासी बैरवा मोहल्ला खातनखेड़ी के रूप में पहचान की गयी जो कि काले कलर की स्कॉर्पियो में इनके अन्य साथी दूसरी गाड़ी में सवार थे। इन्होंने स्टाफ के साथ जबरन धक्का मुक्की कर गाड़ी में बैठकर भाग गये। मौके पर बीड़ पीला मगरा में अवैध रूप से कटान का नुकसान 8-10 हैक्टेयर में उक्त आरोपियों द्वारा कर दिया गया है, विभिन्न एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारम्भ की। एक टीम द्वारा गठन किया गया और मुख्य आरोपी पीर मोहम्मद की तलाश की गई। टीम ने अथक प्रयास कर आरोपी को त्रिवन्तपुरम, केरल से डिटेन किया जाकर गिरफ्तार किया।

राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

मेड़ता सिटी में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल एवं आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।

जयपुर/मेड़ता सिटी। राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 दिसंबर को नागौर जिले की मेड़ता सिटी में आयोजित होने वाले एक दिवसीय राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन उन्नत खेती-समृद्ध किसान की तैयारियों को लेकर प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल एवं आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल ने शनिवार को आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंजू राजपाल ने कहा कि राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि

- **प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

यंत्रों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में किसानों की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग, चिकित्सा सेवाएं एवं यातायात व्यवस्था सुचारू एवं प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उल्लेखनीय है कि 23 दिसंबर को आयोजित इस किसान सम्मेलन में राज्यभर से लगभग 25 हजार किसान भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान कृषि एवं उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, गोपालन और कृषि विपणन से संबंधित प्रदर्शनी, नवाचारों का प्रदर्शन तथा विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे किसान आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की दिशा में प्रेरित हो सकें। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्हें आयोजन को सफल बनाने हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

उदयपुर में आबादी क्षेत्र में फिर दिखा लेपर्ड का मूवमेंट, लोगों में दहशत

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर में दो दिन पहले गुरुवार को एक घर में घुसे लेपर्ड को रेस्क्यू किया गया था, लेकिन अब नदी के दूसरी तरफ और आसपास की कॉलोनियों में भी लेपर्ड की हलचल देखी जा रही है। महज 18 घंटों के अंदर अलग-अलग जगहों पर लेपर्ड के नजर आने से इन इलाकों में रहने वाले लोग भयभीत हैं।

जानकारी के अनुसार दो दिन पहले भूपालपुरा की कृष्णपुरा कॉलोनी में एक लेपर्ड घुस आया था, जिसे घर से निकालकर रेस्क्यू किया गया, लेकिन उसके ठीक बाद अब समीपवर्ती अशोक नगर की पॉश कॉलोनी की मुख्य सड़क पर और सौ फीट रोड से सटे न्यू भूपालपुरा में लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया। जानकारी के अनुसार अशोक नगर की रोड 10 पर 18 दिसंबर की रात 1 बजकर 57 मिनट पर एक लेपर्ड वहां से गुजरा जो सीसीटीवी में कैद हो गया। उस समय गली के श्वान

- **महज 18 घंटों में अलग-अलग जगहों पर लेपर्ड दिखाई दिये, वन विभाग को सूचना दी**

भी शोर मचा रहे थे। अशोक नगर बाशिंदों ने बताया कि रात को उनके घर के बाहर की सड़क पर कुत्तों का शोर सुनाई दिया। आमतौर पर ऐसा नहीं होता इसलिए उनका शक हुआ। सुबह उन्होंने घर के सीसीटीवी फुटेज को उसी समय में चेक किया जब शोर हुआ था।

उन्होंने बताया कि सामने की सड़क पर साफ-साफ लेपर्ड नजर आ रहा था जिसे देखकर कुत्ते भौंक रहे थे। लेपर्ड थोड़ा आगे बढ़ा फिर मुड़कर वापस चला गया। दूसरा लेपर्ड न्यू भूपालपुरा में होटल के करीब शुक्रवार शाम साढे सात बजे सौ फीट मुख्य सड़क पर एक होटल के पीछे वाली कॉलोनी में देखा गया।वहां खेतों के साथ-साथ घर भी बने हैं और घनी आबादी है। पूर्व पार्षद नानालाल वया ने बताया कि हिम्मत माली ने सबसे पहले लेपर्ड को देखा और जोर से शोर मचाया। बाद में वन विभाग को सूचना दी गई तो रात में टीम मौके पर पहुंची। लोगों के साथ मिलकर टीम ने पूरे इलाके की तलाशी ली लेकिन लेपर्ड कहीं नहीं मिला। सुरक्षा के लिए हथियारों से लैस होकर टॉर्च की रोशनी में कई जगहों पर खोजबीन की गई पर कोई सुराग नहीं लगा। सूचना मिलते ही सुखेर पुलिस का जाब्ता भी वहां पहुंचा। असल में दो दिन पहले कृष्णपुरा में जो लेपर्ड आया, उसके पीछे ही आयड नदी है। शुक्रवार रात को आयड नदी के इस किनारे वाली कॉलोनी में लेपर्ड देखा गया। अशोक नगर की कॉलोनी कृष्णपुरा के नजदीक ही है।

सहायक उपनिरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर ग्रामीण टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच पालम विहार गुरुग्राम (हरियाणा) के सहायक पुलिस उप निरीक्षक प्रवीण को परिवादी से तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी की जोधपुर ग्रामीण टीम के परिवादी ने शिकायत दी कि क्राइम ब्रांच पालम विहार गुरूग्राम (हरियाणा) का सहायक पुलिस उप निरीक्षक प्रवीण उसके मामा के खिलाफ पुलिस थाना सदर जिला गुरुग्राम हरियाणा में दर्ज प्रकरण में पुलिस रिमांड में परेशान नहीं करने व मदद करने के बदले में तीन लाख रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है, जिस पर एसीबी जोधपुर ग्रामीण टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस

आरोपी सहायक पुलिस उप निरीक्षक प्रवीण।

सोनी के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस उप निरीक्षक प्रवीण को तीर लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

हादसे में घायल युवक की मौत

उदयपुर, (निसं)। सायरा थाना क्षैत्र में रोडवेज बस की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिनों सड़क हादसे में घायल हुए सायरा थाना क्षैत्र चावड़ा बास निवासी हिमाराम पुत्र भूराराम गमेती की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। हिमाराम बाइक पर जा रहा था। इस दौरान रोडवेज बस ने उसे टक्कर मारदी थी। हादसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल यशवन्त झाला ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

युवक की हत्या कर चितौड़गढ़ हाईवे पर गड्ढे में फेंका शव

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम इलाके में चितौड़गढ़ हाईवे पर युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या करने के बाद शव को एक गड्ढे में फेंक दिया। वहां से गुजर रहे लोगों की नजर गड्ढे में पड़े शव पर पड़ी तो लोगों ने इसकी सूचना आरकेपुरम् पुलिस को दी। आरकेपुरम् इलाके में हाईवे पर गड्ढे में शव पड़े होने की सूचना पाकर शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम, शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व

- **आवंली रोजड़ी का निवासी था मृतक युवक, पुलिस जांच में जुटी, एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाये**

आरकेपुरम पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बताया कि चितौड़गढ़ हाईवे पर सर्विस लेन के पास एक गड्ढे में व्यक्ति के शव पड़े होने की सूचना मिली थी। शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर एफएसएल टीम सहित अन्य टीमों को बुलाकर साक्ष्य जुटाये गये। एडिशनल एसपी ने बताया कि शव पर धारदार हथियार से हमले के निशान मिले हैं, प्रथम दृष्टा से माना जा रहा है कि युवक की हत्या कर उसके शव को गड्ढे में फेंक दिया गया। एडिशनल एसपी ने बताया कि मृतक की पहचान आंवली रोजड़ी निवासी करण सिंह के रूप में हुई है। मामले में सामने आया कि करण शुक्रवार को घर से निकला था, घर नही पहुंचने पर परिजनों ने तलाश किया, नहीं मिलने पर परिजन जब युवक की गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे तो परिजनों को सूचना मिली कि करण की बाईक चितौड़गढ़ हाईवे पर खड़ी है। परिजनों ने मौके पर पहुंचक मृतक की शिनाख्त करण सिंह के रूप में की। एडिशनल एसपी ने बताया कि मृतक कारीगरी का काम करता था और शुक्रवार को भी काम पर जाने के लिये घर से निकला था। परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

युवक ने फांसी लगा आत्महत्या की

उदयपुर, (निसं)। सूरजपोल थाना क्षैत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। टीडी हॉल कैलाश कॉलोनी पारस सूरजपोल निवासी नरेश मीणा ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। नरेश शराब पीने का आदी था। आए दिन झगड़ा होने से दो दिन पूर्व उसकी पत्नी बच्चों को लेकर पीहर चली गई थी।

खड़े ट्रेलर से टकराया ट्रक, चालक की मौत

उदयपुर, (निसं)। गोवर्धन विलास हाईवे पर ट्रक खड़े ट्रेलर से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात बाद में काया हाईवे पर अहमदाबाद से दिल्ली की तरफ जा रहा ट्रक बीच रास्ते में खड़े ट्रेलर से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक हर्ष विहार दिल्ली निवासी रविकरण पुत्र पूरणमल जाटव गंभीर घायल हो गया, जिसे एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। एएसआई कालूलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

चोरों ने एक ही रात में चार दुकानों से लाखों का माल चुराया

पावटा, (निसं)। कस्बा स्थित सुभाष चौक मुख्य बाजार में बीती रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाते हुए एक साथ चार दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। लगातार हो रही चोरियों से बाजार में दहशत का माहौल है। वहीं पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से पावटा कस्बा स्थित सुभाष चौक मुख्य बाजार में शुक्रवार को अमावस्या की छुट्टी का फायदा उठाते हुए केदारमल गोविंदराम जनरल स्टोर से करीब दो लाख नकद, वस्त्र व्यापारी केशव कुमार कैलाश चंद निवासी छीतौली की दुकान से करीब 8500 रूपये नकद एवं वस्त्र व्यापारी उमाशंकर छीतरमल निवासी भौनावास की दुकान से गल्ले में रखे 5-7 हजार नकद व भारत ज्वैलर्स नारनौल वाले की दुकान से करीब चार लाख का माल जिसमें 1100 ग्राम चांदी, 800 ग्राम पुरानी चांदी, 3- 4 ग्राम पुराना सोना व 4200 रुपए नकद चुराकर फरार हो गए।

अज्ञात चोरों ने दुकानों के निर्माण कार्य के चलते दीवार के सहारे खड़ी सीढ़ी का उपयोग करते हुए दुकानों की

पावटा में चोरी के बाद दुकान में बिखरा सामान।

छत के सहारे पीछे के रास्ते से दुकानों के ताले तोड़कर नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ किया। सुबह जब दुकानदार बाजार पहुंचे तो टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाने का 10 मिनट का रास्ता होते हुए करीब 1 घंटे बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसके बाद थाना प्रभारी भजनाराम भी मौके पर पहुंचे जांच शुरू की। वहीं एमओबी टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि यदि नियमित गश्त होती तो इतनी बड़ी वारदात को रोका जा सकता था। व्यापारियों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासा करने की मांग की है।

वहीं तीन लोगों द्वारा ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर चोरी करने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिस पर भारत ज्वैलर्स मालिक नवीन सोनी ने कहा कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिया हैं, अब यह पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें। कस्बे के व्यापारियो ने इन घटनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो वे विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। व्यवसायियों ने कहा कि वे अपने व्यवसाय को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। व्यवसायियों ने कहा कि पुलिस को रात के समय गश्त तेज करनी चाहिए एवं ऐसे इलाकों में निगरानी बढ़ानी चाहिए।

- **तीन लोगों द्वारा ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर चोरी करने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है**
- **चोरों ने दुकानों के निर्माण कार्य के चलते दीवार के सहारे खड़ी सीढ़ी का उपयोग करते हुए वारदात अंजाम दी**

कोठड़ी गांव में दुकान में आग लगने से छह लाख के मोबाइल व सामान जला

टोंक, (निसं)। सोप थाना क्षेत्र के कोठड़ी गांव में शुक्रवार देर रात को मोबाइल की दुकान में आग लगने से करीब छह लाख रुपए के मोबाइल व अन्य सामान जल गए। पुलिस के अनुसार आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

उनियारा उपखण्ड स्थित सोप थाना क्षेत्र के कोटड़ी गांव में शुक्रवार

- **शॉर्ट सर्किट से मोबाइल की दुकान में आग लगना बताया जा रहा है**

रात्रि को एक मोबाइल दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। घटना में दुकान के भीतर रखे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना गश्त के दौरान सोप थाना पुलिस ने दुकानदार को दी, जिसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणो व पुलिस की सहायता से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक करीब 6 लाख रुपए के मोबाइल व सामान जलकर राख हो गये। जानकारी के अनुसार दुकानदार शंकरलाल बैरवा जो लालसोट-दौसा मेगा हाईवे स्थित कोटड़ी चौराहा पर मोबाइल की दुकान करता है, जो अन्य दिनों की तरह शुक्रवार शाम दुकान बंद कर घर चला गया था, देर रात अचानक दुकान में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। शनिवार सुबह दुकानदार के परिजन दुकान पर पहुंचे तथा स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित दुकानदार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

टेंकर व कंटेनर में भिड़ंत

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर कंटेनर व केमिकल से भरे टेंकर की भिड़ंत हो गई, जिससे में दोनों वाहनों में आग लग गई। शनिवार सांय टीडी थाना क्षैत्र बोरी कुआ हाईवे पर अनियंत्रित केमिकल से भरा टेंकर डिवाईडर पर चढ़कर कंटेनर से जा भिड़ा, जिसके चलते दोनों वाहनों में आग लग गई। सूचना मिलने पर टीडी थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह मय जाब्ता ने मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत कर शुरू कर दोनों के चालक भीलवाड़ा निवासी नानालाल जाट एवं अलवर निवासी अख्तर को बाहर निकाल टीडी चिकित्सालय पहुंचाया।

कोटा में रेस्टोरेंट में आग लगा

आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा क्षेत्र के सेवन वंडर पार्क में स्थित एक रेस्टोरेंट में शनिवार सुबह अचानक से आग लग गई। आग की लपटें उठती देख लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी, सूचना पाकर अग्निशमन विभाग की दमकल मौके पर पहुंचे और आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक रेस्टोरेंट में रखा काफी कीमती सामान जलकर खाक हो गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि सेवन वंडर स्थित लवली रेस्टोरेंट में आग की सूचना मिली। सूचना पर सब्जीमंडी फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ी को रवाना किया गया और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि रेस्टोरेंट के संचालक गोविन्द अग्रवाल है, प्रथम दृष्टा से आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट आ रहा है। वहीं दूसरी ओर जेके लॉन मातृ शिशु चिकित्सालय परिसर में लगे ट्रांसफार्मर से जुड़ी केबल में शॉर्ट सर्किट होने का मामला सामने आया। कर्मचारियों की सतर्कता के चलते समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जेके लॉन अस्पताल अधीक्षक डॉ. निर्मला शर्मा ने बताया कि ट्रांसफार्मर से जुड़ी केबल में आग लगने सूचना मिली थी, जिस पर मौजूदा कर्मचारियों ने आग बुझाने वाले संयंत्र को लेकर मौके पर पहुंचे और समय रहते तत्परता दिखाते हुये आग पर काबू पा लिया।